उपलब्धि: राजभाषा शील्ड

प्रधान कार्यालय, बैंक ऑफ़ बड़ौदा गांधीनगर के तत्वाधान में दिनांक 06.04.2022 को वेबिनार के माध्यम से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गांधीनगर की 18वीं बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें आईपीआर तथा गांधीनगर के नगर राजभाषा समिति के विभिन्न कार्यालयों के प्रमुख, राजभाषा प्रभारी एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के प्रारंभ में श्री दीपांकर गुहा, अध्यक्ष, नराकास, गांधीनगर ने अभिभाषण दिया। उसके पश्चात् सदस्य-सचिव, नराकास, गांधीनगर द्वारा सदस्य कार्यालयों की छमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई। श्री संजय सिंह, प्रमुख, राजभाषा विभाग, बैंक ऑफ़ बड़ौदा गांधीनगर ने रिपोर्ट में पाई गई कमियों को दूर करने हेतु सुझाव दिए है साथ ही राजभाषा के अधिक प्रयोग हेतु भाषा सम्मान पुरस्कार की शरुआत करने का सुझाव दिया। बैठक के दौरान काफी समय से लंबित नराकास की छ माहि पत्रिका 'गांधीनगरी' के प्रकाशन के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी तथा इस दिशा में प्रकाशन हेतु सभी कार्यालयों को आवश्यक कदम उठाने को कहाँ गया। साथ ही राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2022-23 के बारे में चर्चा हुई। बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष 2021 के लिए वार्षिक राजभाषा शील्ड पुरस्कार की घोषणा की गयी। **वर्ष 2021 के लिए यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया को प्रथम पुरस्कार, प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान को द्वितीय पुरस्कार एवं होटल प्रबंधन संस्थान को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।**

इस बैठक में राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए अति महत्वपूर्ण तिमाही प्रगति रिपोर्ट, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला तथा कार्यालय में अनुभागों के निरीक्षण संबंधी बहुमूल्य जानकारी साझा की। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह बैठक आईपीआर तथा नगर राजभाषा समिति के सदस्यों के लिए काफी महत्वपूर्ण रही।

बैठक का समापन आईपीआर के निदेशक, शशांक चतुर्वेदीजी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

राजभाषा शील्ड

***